अग्रवाल महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की तीनों इकाइयों का 7 दिवसीय शिविर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कृष्णकान्त गुप्ता जी के निर्देशन में चल रहा है। दिनांक 26–12–2019 को शिविर का तीसरा दिन प्रार्थना और योगा के साथ प्रारम्भ हुआ। उसके पश्चात् स्वयंसेवक व स्वयंसेविकाओं ने धार्मिक कट्टरता एवं राष्ट्र विषय पर सामूहिक चर्चा की। तत्पशचात् "डिजिटल इंडिया" विषय पर "स्लोगन व पोस्टर" मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें सभी स्वयंसेवक व स्वयंसेविकाओं ने बढ़–चढ़ कर भाग लिया। उसके बाद इंडियन रैड क्रॉस प्राथमिक चिकित्सा के प्रशिक्षक, श्री दर्शन भाटिया जी ने स्वयंसेवक व स्वयंसेविकाओं को प्राथमिक चिकित्सा के बारे में बड़े अच्छे तरीके से बताया कि किस तरह डॉक्टर के पास जाने से पहले उपलब्ध सामान में घायल व्यक्ति की मदद की जा सकती है। इसके बाद सदन की राय में "धार्मिक कट्टरता राष्ट्र के लिए घातक है" विषय पर वाद–विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसे अनेक स्वयंसेवक व स्वयंसेविकाओं ने ध्यान से सुना और उसमें हिस्सा लिया। तत्पश्चात् सभी ने मिलकर कई खेल खेले। रात्रि के समय स्वयंसेवक व स्वयंसेविकाओं के मनोरंजन के लिए अंताक्षरी, कैंप–फायर एवं गीत प्रतियोगिता आदि अनेक नये–नये कार्यक्रम निश्चित रूप से शिविर में चल रहे हैं। शिविर में तीनों इकाईयों के कार्यक्रमाधिकारी डॉ. अशोक कुमार निराला, डॉ. रितु एवं श्रीमती सीमा मलिक उपस्थित रहे।